**Series SHC/1**

**Code No.**
**कोड नं.** **67/1/1**

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- Please check that this question paper contains **23** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# ACCOUNTANCY

# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks: 80*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains three parts A, B and C.*

*(ii)* *Part A is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iii)* *Candidates can attempt only* ***one*** *part of the remaining parts B and C.*

*(iv)* *All parts of the questions should be attempted at one place.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है - क, ख और ग।*

*(ii)* *भाग क सभी छात्रों के लिए* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii)* *शेष भाग ख और ग में से कोई* ***एक*** *भाग हल करना है।*

*(iv)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।*

## Part 'A'
## (Accountancy)
## भाग 'क'
## (लेखाशास्त्र)

**1.** List any four items which can be credited to the Capital Account of a partner when the Capital Account is fluctuating. 2

ऐसी कोई चार मदों की सूची बनाइए, जिन्हें साझेदार के पूंजी खातें में क्रेडिट किया जा सकता हो, जब पूंजीखाता परिवर्तनशील हो।

**2.** State the conditions according to Sec. 79 of Company Act 1956 for the issue of shares at discount. 2

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 79 के अनुसार अंशों को बट्टे पर निर्गमित करने के लिए प्रतिबन्धों को बताइये।

**3.** What is meant by 'Preferential Allotment of Shares'? 2

'प्राथमिकता के आधार पर अंशों के आवंटन' का क्या अर्थ है ?

**4.** Give the meaning of a Debenture. 2

ऋणपत्र का अर्थ बताइये।

**5.** Ram and Shyam were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 5. Their Fixed Capitals were: Ram Rs. 5,00,000 and Shyam Rs. 9,00,000. After the accounts of the year had been closed, it was found that interest on capital at 10% per annum as provided in the partnership agreement has not been credited to the Capital Accounts of the partners. Pass a necessary entry to rectify the error. 3

राम तथा श्याम एक फर्म में साझेदार थे जो लाभों को 3:5 के अनुपात में विभाजित करते थे। उनकी स्थाई पूंजी इस प्रकार थी : राम 5,00,000 रु. तथा श्याम 9,00,000 रु.। वर्ष के खाते बंद करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख में दिये हुए प्रावधान के अनुसार पूंजी पर 10% वार्षिक की दर से साझेदारों के पूंजी खातों में ब्याज क्रेडिट नहीं किया गया। इस त्रुटि को सुधारने के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टि कीजिए।

**6.** AB Ltd. issued 5,00,000, 7% debentures of Rs. 50 each. Pass necessary journal entries in the books of the company for the issue of debentures when debentures were :

(i) Issued at par, redeemable at 8% premium,

(ii) Issued at 4% premium redeemable at 5% premium,

(iii) Issued at 5% premium redeemable at par. 3

AB लि. ने 50 रु. प्रत्येक के 5,00,000 7% ऋणपत्रों का निर्गमन किया। ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए कम्पनी के रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए, जबकि ऋणपत्रों का :

(i) निर्गमन सममूल्य पर किया गया तथा शोधन 8% के अधिमूल्य पर करना है।

(ii) निर्गमन 4% के अधिमूल्य पर किया गया तथा शोधन 5% के अधिमूल्य पर करना है।

(iii) निर्गमन 5% के अधिमूल्य पर किया गया तथा शोधन सममूल्य पर करना है।

**7.** Hari, Ravi and Kavi were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. They admitted Guru as a new partner for l/7th share in the profits. The new profit sharing ratio will be 2 : 2 : 2 : 1 respectively. Guru brought Rs. 3,00,000 for his capital and Rs. 45,000 for his l/7th share of goodwill. Showing your working clearly, pass necessary journal entries in the books of the firm for the above mentioned transactions. 4

हरि, रवि तथा कवि एक फर्म में साझेदार थे जो 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों को विभाजित करते थे। उन्होंने लाभ के 1/7 भाग के लिए गुरु को एक नया साझेदार बनाया। नया लाभ अनुपात क्रमशः 2 : 2 : 2 : 1 होगा। गुरु अपनी पूंजी के लिए 3,00,000 रु. तथा ख्याति के अपने 1/7 अंश के लिए 45,000 रु. लाया। अपनी कार्यकारी टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए उपरोक्त लेन-देनों के लिए फर्म की पुस्तकों में रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

**8.** Chander and Naresh were partners in a firm sharing profits in 3 :2 ratio. On 28.2.2007 their firm was dissolved. After the transfer of various assets (other than cash) and third party liabilities to Realisation Account, the following transactions took place :

(i) An unrecorded asset costing Rs. 9,000 was taken over by Chander for Rs. 7,800.

(ii) Creditors Rs. 47,500 were paid Rs. 45,000 in full settlement of their claim,

(iii) Expenses of realisation Rs. 1,200 were paid by Naresh.

(iv) Loss on dissolution was Rs. 3,400.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. 4

चंदर तथा नरेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभों को विभाजित करते थे। 28.2.2007 को फर्म का समापन हो गया। विभिन्न सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खातें में स्थानान्तरित करने के उपरान्त निम्नलिखित लेन-देन हुए :

(i) 9,000 रु. लागत की एक अपलिखित सम्पत्ति को चंदर ने 7,800 रु. में ले लिया।

(ii) लेनदारों को, जो कि 47,500 रु. के थे, उनके दावे के पूर्ण भुगतान के लिए 45,000 रु. दिए गए।

(iii) 1,200 रु. के वसूली खर्चों का भुगतान नरेश ने किया।

(iv) समापन पर हानि 3,400 रु. थी।

उपरोक्त लेन-देनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

**9.** Poonam Ltd. had a balance of Rs. 55,00,000 in its Profit and Loss account. Instead of declaring a dividend it decided to redeem its Rs. 50,00,000, 8% debentures at a premium of 10%. Pass necessary journal entries in the books of the company for the redemption of debentures. 4

पूनम लि. के लाभ-हानि खाते में 55,00,000 रु. का शेष था। लाभांश घोषित न करके कम्पनी ने अपने 50,00,000 रुपए के 8% ऋणपत्रों का 10% अधिमूल्य पर शोधन करने का निर्णय किया। ऋणपत्रों के शोधन के लिए कम्पनी की पुस्तकों में रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

**10.** On 1st August 2006 K.M. Ltd. buys, 10,000, 9% debentures of Rs. 100 at Rs. 95 each cum interest, the dates of interest being March 31 and September 30. Record necessary journal entries when debentures are purchased for cancellation. Show your working also. 4

1 अगस्त 2006 को के.एम लिमिटेड ने 100 रुपए वाले 10,000, 9% ऋणपत्रों का 95 रुपए प्रत्येक की दर से ब्याज सहित क्रय किया। ब्याज की देय तिथियां 31 मार्च तथा 30 सितम्बर हैं। रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए, जबकि ऋणपत्रों को निरस्त करने के लिए क्रय किया गया हो। अपनी कार्य टिप्पणी को भी दर्शाइये।

**11.** J.P. Ltd. purchased building costing Rs. 70,00,000 from M/s Construction Ltd. The company paid Rs. 20,50,000 by cheque and for the balance issued equity shares of Rs. 100 each in favour of M/s Constructions Ltd. Pass necessary journal entries in

the books of J.P. Ltd. for the purchase of building and making payment if shares were issued (a) at 10% discount and (b) at a premium of 25%. 4

जे.पी. लि. ने मैसर्स कन्स्ट्रक्शन लि. से 70,00,000 रु. का भवन खरीदा। कम्पनी ने 20,50,000 रु. का भुगतान चैक द्वारा तथा शेष का भुगतान मैसर्स कन्स्ट्रक्शन लि. के पक्ष में 100 रु. वाले समता अंशों के निर्गमन द्वारा किया। जे.पी. लि. की पुस्तकों में भवन के क्रय तथा भुगतान की रोजनामचे में प्रविष्टियां कीजिए, यदि अंशों का निर्गमन (क) 10% के बट्टे पर तथा (ख) 25% के अधिमूल्य पर किया गया हो।

**12.** Samta and Mamta were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 :1. On 1.3.2006 the firm was dissolved. On that date the Balance Sheet of the firm was as follows :

**Balance Sheet of Samta and Mamta as on 1.3. 2006**

| Liabilities | | Amt. Rs. | Assets | Amt. Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Loan | | 70,000 | | |
| | | | Cash | 20,000 |
| Creditors | | 1,30,000 | | |
| Capitals : | | | Building | 5,00,000 |
| | Rs. | | | |
| Samta | 3,00,000 | | Stock | 30,000 |
| Mamta | 1,10,000 | 4,10,000 | Profit and Loss Account | 60,000 |
| | | 6,10,000 | | 6,10,000 |

Building realised Rs. 6,50,000 and stocks Rs. 12,000. Rs. 1,29,000 were paid to the creditors in full settlement of their claim. The firm had a joint life policy of Rs. 5,00,000 which was surrendered for Rs. 1,27,000. The annual premium paid on the joint life policy was debited to the Profit and Loss account.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners Capital Accounts. 6

**Or**

Sameer and Sudhir were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3. On 28.2.2007 the firm was dissolved. On the date of dissolution Sameer's capital was Rs. 2,40,000 and Sudhir's capital was Rs. 1,80,000. Creditors on that date were Rs. 80,000 and there was a balance of Rs. 1,36,000 in general reserve A/C. Cash balance was Rs. 20,000.

Sundry assets realised Rs. 7,50,000 and expenses on dissolution were Rs. 2,000 which were paid by Sudhir.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners Capital Accounts. 6

समता तथा ममता एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करती थीं। 1.3.2006 को फर्म का विघटन हो गया। उस तिथि को फर्म का स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

**1.3.2006 को समता तथा ममता का स्थिति-विवरण**

| देयताएं | | राशि रु. | सम्पत्तियां | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| ऋण | | 70,000 | | |
| | | | रोकड़ | 20,000 |
| लेनदार | | 1,30,000 | | |
| पूंजी : | | | भवन | 5,00,000 |
| | रुपए | | | |
| समता | 3,00,000 | | स्टॉक | 30,000 |
| ममता | 1,10,000 | 4,10,000 | लाभ-हानि खाता | 60,000 |
| | | 6,10,000 | | 6,10,000 |

भवन से 6,50,000 रु. तथा स्टॉक से 12,000 रु. वसूल हुए। लेनदारों को उनके दावे का पूर्ण भुगतान करने के लिए 1,29,000 रु. का भुगतान किया गया। फर्म के पास 5,00,000 रु. की एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी थी जिसका समर्पण, 1,27,000 रु. में किया गया। संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी पर दिये गए वार्षिक प्रीमियम को लाभ-हानि खाते में डेबिट किया गया था।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिए।

**अथवा**

समीर तथा सुधीर एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। 28.2.2007 को फर्म का विघटन हो गया। विघटन की तिथि को समीर की पूंजी 2,40,000 रु. तथा सुधीर की पूंजी 1,80,000 रु. थी। उस तिथि को लेनदार 80,000 रु. थे तथा सामान्य संचय खाते में 1,36,000 रु. का शेष था। रोकड़ शेष 20,000 रु. था।

विभिन्न संपत्तियों से 7,50,000 रु. प्राप्त हुए तथा वसूली खर्चे 2,000 रु. थे, जिनका भुगतान सुधीर ने किया।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिए।

**13.** Shakti Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 10 per share. The amount was payable as follows :

On application Rs. 40 per share (including premium) on allotment Rs. 30 per share and the balance on first and final call. Applications for 3,00,000 shares were received. Applications for 40,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Over payments on applications were adjusted towards sums due on allotment. Manoj who was allotted 2,000 shares failed to pay the allotment and first and final call money. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued at Rs. 90 per share fully paid up. Pass necessary journal entries in the books of Shakti Ltd. showing the working clearly. 6

**Or**

Pass necessary journal entries in the books of Raman Ltd. for the following transactions :

(i) 400 equity shares of Rs. 100 each issued at a discount of 10% were forfeited for the non-payment of final call of Rs. 20 per share. The forfeited shares were re-issued for Rs. 38,000 fully paid up.

(ii) 300 equity shares of Rs. 100 each were forfeited for the non-payment of the allotment money of Rs. 40 per share. The first and final call of Rs. 20 per share was not made. The forfeited shares were re-issued for Rs. 29,000 fully paid up.

शक्ति लि. ने 100 रु. वाले 2,00,000 समता अंशों के निर्गमन हेतु आवेदन आमंत्रित किये। अंशों का निर्गमन 10 रु. प्रति अंश के अधिमूल्य पर करना था। राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर 40 रु. प्रति अंश (अधिमूल्य सहित), आबंटन पर 30 रु. प्रति अंश तथा शेष प्रथम तथा अन्तिम याचना पर। 3,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 40,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अंशों का आबंटन आनुपातिक आधार पर किया गया। आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया। मनोज जिसे 2,000 अंश आबंटित किये गए थे, उसने आबंटन राशि एवं प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किये गये अंशों को 90 रु. प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया। शक्ति लि. की पुस्तकों में कार्य-टिप्पणी को दिखाते हुए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित लेन-देनों के लिए रमन लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए :

(i) 100 रु. वाले 400 समता अंशों को जिन्हें 10% के बट्टे परि निर्गमित किया गया था 20, रु. प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर जब्त किया गया। जब्त किये गये अंशों को पूर्ण प्रदत्त 38,000 रु. में पुनः निर्गमित कर दिया गया।

(ii) 100 रु. वाले 300 समता अंशों को 40 रु. प्रत्येक अंश की आबंटन राशि का भुगतान नहीं करने पर जब्त कर लिया गया। प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि 20 रु. प्रति अंश मांगी नहीं गई थी। जब्त किये गये अंशों को पूर्ण प्रदत्त 29,000 रु. में पुनः निर्गमित कर दिया गया।

**14.** G, H and I were partners of a firm sharing profit in the ratio of 4:3 :3. On 31.3.2006 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of G, H and I**

**as on 31.3.2006**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 87,000 | Building | 1,70,000 |
| Reserve | | 33,000 | Machinery | 1,20,000 |
| Capitals : | | | Stock | 40,000 |
| | Rs. | | Debtors | 45,000 |
| G : | 1,05,000 | | Cash | 15,000 |
| H : | 85,000 | | | |
| I : | 80,000 | 2,70,000 | | |
| | | 3,90,000 | | 3,90,000 |

H died on 30.6.2006. Under the partnership agreement the executors of a deceased partner were entitled to :

(i) Amount standing to the credit of deceased partner's Capital Account at the time of his death.

(ii) Interest on capital at 12% per annum,

(iii) His share of goodwill. The goodwill of the firm on H's death was valued at Rs. 2,70,000.

(iv) His share in profit from the profit of the firm from the closing of the last financial year till the date of death on the basis of last year's profit. The profit of the firm for the year ended 31.3.2006 was Rs. 2,40,000.

Prepare H's Capital Account to be rendered to his executors. 6

एक फर्म के साझेदार जी, एच तथा आई 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभों को विभाजित करते थे। 31.3.2006 को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

**जी, एच तथा आई का स्थिति-विवरण 31.3.2006 को**

| देयताएं | | राशि रु. | सम्पत्तियां | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 87,000 | भवन | 1,70,000 |
| संचय | | 33,000 | मशीनरी | 1,20,000 |
| पूंजी : | | | स्टॉक | 40,000 |
| | रुपए | | देनदार | 45,000 |
| जी : | 1,05,000 | | रोकड़ | 15,000 |
| एच : | 85,000 | | | |
| आई : | 80,000 | 2,70,000 | | |
| | | 3,90,000 | | 3,90,000 |

30.6.2006 को एच की मृत्यु हो गई। साझेदारी संलेख के अनुसार मृत साझेदार के निष्पादकों को निम्न देय था :

(i) मृत्यु के समय मृत साझेदार के पूंजी खाते का शेष।

(ii) पूंजी पर 12% प्रति वर्ष की दर से ब्याज।

(iii) ख्याति का उसका भाग। एच की मृत्यु के समय फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 2,70,000 रु. किया गया।

(iv) फर्म के लाभों में, उसके लाभ का हिस्सा पिछले वित्तीय वर्ष के बन्द होने से मृत साझेदार के देहान्त की तिथि तक पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर। 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ 2,40,000 रु. था।

एच के निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूंजी खाता बनाइए।

**15.** A and B were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. They admitted C as a new partner for l/6th share in the profits. C was to bring Rs. 40,000 as his capital and the capitals of A and B were to be adjusted on the basis of C's capital having regard to profit sharing ratio. The Balance Sheet of A and B as on 31.3.2006 was as follows :

**Balance Sheet of A and B as on 31.3.2006.**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| | | | Cash | 10,000 |
| Creditors | | 36,000 | Debtors | 34,000 |
| Bills Payable | | 20,000 | | |
| | | | Stock | 24,000 |
| General Reserve | | 24,000 | Machinery | 42,000 |
| Capitals : | Rs. | | | |
| A | 1,50,000 | | Building | 2,00,000 |
| B | 80,000 | 2,30,000 | | |
| | | 3,10,000 | | 3,10,000 |

The other terms of agreement on C's admission were as follows :

(i) C will bring Rs. 12,000 for his share of goodwill,

(ii) Building will be valued at Rs. 1,85,000 and machinery at Rs. 40,000.

(iii) A provision of 6% will be created on debtors for bad debts,

(iv) Capital accounts of A and B will be adjusted by opening Current Accounts.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts and the Balance Sheet of A, B and C. 8

**OR**

X, Y and Z were partners in a firm sharing profits in 5 : 3 : 2 ratio. On 31.3.2006 Z retired from the firm. On the date of Z's retirement the Balance Sheet of the firm was as follows :

**Balance Sheet of X, Y and Z as on 31.3.2006**

| Liabilities | | Amount Rs. | Assets | | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 27,000 | | | |
| | | | Bank | | 80,000 |
| Bills payable | | 13,000 | | | |
| Outstanding rent | | 22,500 | Debtors | 20,000 | |
| | | | *Less* Provision for doubtful debts | 500 | 19,500 |
| Provision for legal claims | | 57,500 | Stock | | 21,000 |
| Capitals: | Rs. | | Furniture | | 87,500 |
| X | 1,27,000 | | Land and Building | | 2,00,000 |
| Y | 90,000 | | | | |
| Z | 71,000 | 2,88,000 | | | |
| | | 4,08,000 | | | 4,08,000 |

On Z's retirement it was agreed that:

(i) Land and Building will be appreciated by 5% and furniture will be depreciated by 20%.

(ii) Provision for doubtful debts will be made at 5% on debtors and provision for legal claims will be made Rs. 60,000.

(iii) Goodwill of the firm was valued at Rs. 60,000.

(iv) Rs. 70,000 from Z's Capital Account will be transferred to his loan account and the balance will be paid to him by cheque.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of X and Y after Z's retirement. 8

अ तथा ब एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। उन्होंने लाभ के 1/6 भाग के लिए स को नया साझेदार बनाया। स अपनी पूंजी के लिए 40,000 रु. लाएगा तथा अ तथा ब की पूंजी के आधार पर लाभ-विभाजन के नये अनुपात को ध्यान में रखकर समायोजित की जायेगी। 31.3.2006 को अ तथा ब का स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

**अ तथा ब का स्थिति-विवरण 31.3.2006 को**

| देयताएं | | राशि रु. | सम्पत्तियां | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 36,000 | रोकड़ | 10,000 |
| देय बिल | | 20,000 | देनदार | 34,000 |
| सामान्य संचय | | 24,000 | स्टॉक | 24,000 |
| पूंजी : | रुपए | | मशीनरी | 42,000 |
| अ | 1,50,000 | | भवन | 2,00,000 |
| ब | 80,000 | 2,30,000 | | |
| | | 3,10,000 | | 3,10,000 |

स के प्रवेश की अन्य शर्तों निम्न प्रकार से थीं :

(i) स ख्याति के अपने हिस्से के लिए 12,000 रु. लायेगा।

(ii) भवन का मूल्यांकन 1,85,000 रु. तथा स्टॉक का 40,000 रु. किया जाएगा।

(iii) देनदारों पर डूबत ऋण के लिए 6% का प्रावधान किया जाएगा।

(iv) अ तथा ब के पूंजी खातों का समायोजन चालू खाते खोल कर किया जायेगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूंजी खाते तथा अ, ब तथा स का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

**अथवा**

एक्स, वाई तथा जैड एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। 31.3.2006 को जैड ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया। जैड के अवकाश ग्रहण करने के समय फर्म का स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

**एक्स, वाई तथा जैड का स्थिति-विवरण 31.3.2006**

| देयताएं | | राशि रु. | सम्पत्तियां | | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 27,000 | बैंक | | 80,000 |
| देय बिल | | 13,000 | देनदार | 20,000 | |
| अदत्त किराया | | 22,500 | घटा कर संदिग्ध देनदारों | | |
| कानूनी दावों के लिए | | | के लिए प्रावधान | 500 | 19,500 |
| प्रावधान | | 57,500 | स्टॉक | | 21,000 |
| पूंजी : | रुपए | | फर्नीचर | | 87,500 |
| एक्स | 1,27,000 | | भूमि तथा भवन | | 2,00,000 |
| वाई | 90,000 | | | | |
| जैड | 71,000 | 2,88,000 | | | |
| | | 4,08,000 | | | 4,08,000 |

जैड के अवकाश ग्रहण करने के समय निम्नलिखित समझौता हुआ :

(i) स भूमि तथा भवन के मूल्य में 5% वृद्धि की जाएगी तथा फर्नीचर पर 20% मूल्य-ह्रास लगाया जाएगा।

(ii) संदिग्ध देनदारों पर 5% का प्रावधान किया जाएगा तथा कानूनी दावों के लिए 60,000 रु. का प्रावधान किया जाएगा?

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 60,000 रु. किया गया।

(iv) जैड के पूंजी खाते से 70,000 रु. उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित किये जाएंगे तथा शेष का भुगतान उसे चैक द्वारा किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूंजी खाते तथा जैड क अवकाश ग्रहण करने के पश्चात् एक्स तथा वाई का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए।

## Part'B'

## (Analysis of Financial Statements)

## भाग 'ख'

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**16.** State any two objectives of preparing a cash flow statement. 2

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**17.** Fine Garments Ltd. is engaged in the export of readymade garments. The company purchased a machinery of Rs. 10,00,000 for the use in packaging of such garments. State giving reason whether the cash flow due to the purchase of machinery will be cash flow from operating activities, investing activities or financial activities ? 2

फाइन गारमेंट्स बने-बनाये वस्त्रों का निर्यात करती है। कम्पनी ने ऐसे वस्त्रों की पैकिंग के लिए 10,00,000 रु. की मशीनरी का क्रय किया। कारण सहित बताइये कि मशीनरी के क्रय से हुआ रोकड़ प्रवाह संचालन क्रियाकलापों अथवा निवेशी क्रियाकलापों या वित्तीय क्रियाकलापों से हुआ, रोकड़ प्रवाह होगा।

**18.** **Hashu Ltd.**

**Profit and Loss Account for the years ended 31st March, 2005 and 2006**

| | 2005<br>Rs. | 2006<br>Rs. |
|---|---|---|
| Sales revenue | 25,000 | 32,500 |
| Less cost of goods sold | 11,850 | 16,590 |
| Gross profit | 13,150 | 15,910 |
| Less indirect expenses | 1,150 | 4,910 |
| Profit before tax | 12,000 | 11,000 |
| Less tax 50% | — | — |

Compute percentage changes from 2005 to 2006. 3

**हाशू लिमिटेड**

**31 मार्च 2005 तथा 2006 को समाप्त होने वाले वर्षों के लाभ-हानि खाते :**

| | 2005<br>रु. | 2006<br>रु. |
|---|---|---|
| विक्रय आगम | 25,000 | 32,500 |
| घटा-बेचे गए माल की लागत | 11,850 | 16,590 |
| सकल लाभ | 13,150 | 15,910 |
| घटा अप्रत्यक्ष व्यय | 1,150 | 4,910 |
| कर घटाने से पूर्व लाभ | 12,000 | 11,000 |
| घटा कर 50% | — | — |

2005 से 2006 में प्रतिशत परिवर्तन की गणना कीजिए।

**19.** Explain the meaning of analysis of financial statements. 3

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का अर्थ समझाइये।

**20.** The Profit and Loss account of Surya Ltd. for the year ended 31.3.2006 and the Balance Sheet of the Company as on 31.3.2006 is given below :

**Profit and Loss Account for the year ended 31.3. 2006**

**Debit** **Credit**

| Particulars | Amount Rs. | Particulars | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Opening Stock | 40,000 | Sales | 4,40,000 |
| Purchases | 2,50,000 | Closing Stock | 20,000 |
| Direct Expenses | 30,000 | | |
| Gross Profit | 1,40,000 | | |
| | 4,60,000 | | 4,60,000 |
| Salary | 32,000 | Gross Profit | 1,40,000 |
| Loss on sale of building | 8,000 | | |
| Net Profit | 1,00,000 | | |
| | 1,40,000 | | 1,40,000 |

**Balance Sheet as on 31.3.2006**

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 3,00,000 | Land | 4,00,000 |
| | | Stock | 20,000 |
| Profit and Loss Account | 1,00,000 | Debtors | 1,00,000 |
| Creditors | 1,50,000 | Cash | 80,000 |
| Outstanding Salary | 50,000 | | |
| | 6,00,000 | | 6,00,000 |

On the basis of the informations given in these two statements, calculate any **two** of the following ratios :

(i) Current Ratio,

(ii) Stock Turnover Ratio, and

(iii) Proprietary Ratio. 4

सूर्या लि. का 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि खाता तथा 31.3.2006 को स्थिति-विवरण निम्नलिखित है :

**लाभ-हानि खाता 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए**

**डेबिट** **क्रेडिट**

| विवरण | राशि रु. | विवरण | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 40,000 | विक्रय | 4,40,000 |
| क्रय | 2,50,000 | अन्तिम स्टॉक | 20,000 |
| प्रत्यक्ष खर्चे | 30,000 | | |
| सकल लाभ | 1,40,000 | | |
| | 4,60,000 | | 4,60,000 |
| वेतन | 32,000 | सकल लाभ | 1,40,000 |
| भवन के विक्रय पर हानि | 8,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 1,00,000 | | |
| | 1,40,000 | | 1,40,000 |

**स्थिति-विवरण 31.3.2006 को**

| देयताएं | राशि रु. | सम्पत्तियां | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| समता अंश पूंजी | 3,00,000 | भूमि | 4,00,000 |
| | | स्टॉक | 20,000 |
| लाभ-हानि खाता | 1,00,000 | देनदार | 1,00,000 |
| लेनदार | 1,50,000 | रोकड़ | 80,000 |
| अदत्त वेतन | 50,000 | | |
| | 6,00,000 | | 6,00,000 |

इन दोनों विवरणों में दी गई सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित में से कोई **दो** अनुपात ज्ञात कीजिए:

(i) चालू अनुपात,

(ii) स्टॉक आवर्त अनुपात, तथा

(iii) स्वामित्व अनुपात।

**21.** Raj Ltd. had a profit of Rs. 17,50,000 for the year ended 31.3.2006 after considering the following:

| | |
|---|---|
| Depreciation on building | Rs. 1,30,000 |
| Depreciation on plant and machinery | Rs. 40,000 |
| Goodwill written off | Rs. 25,000 |
| Loss on sale of machinery | Rs. 9,000 |

Following was the position of current assets and current liabilities of the company as on 31.3. 2005 and 31.3.2006.

| | 31.3.2005 Rs. | 31.3.2006 Rs. |
|---|---|---|
| Stock | 70,000 | 87,000 |
| Bills Receivable | 67,000 | 58,000 |
| Cash | 60,000 | 75,000 |
| Creditors | 68,000 | 77,000 |
| Outstanding Salary | 7,000 | 4,000 |
| Bills Payable | 43,000 | 29,000 |

Calculate cash flow from operating activities. 6

**Or**

With the help of the following Profit and Loss Account for the year ended 31.3.2006 and Balance Sheets as on 31.3.2005 and 31.3.2006 of Janta Ltd., calculate cash flow from operating activities : 6

**Profit and Loss Account of Janta Ltd. for the year ended 31.3.2006**

**Debit** **Credit**

| Particulars | Amount Rs. | Particulars | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| | | Gross Profit | 5,00,000 |
| Depreciation | 17,000 | | |
| Salary | 35,000 | | |
| Rent | 72,000 | | |
| Commission | 23,000 | | |
| Other Expenses | 43,000 | | |
| Net Profit | 3,10,000 | | |
| | 5,00,000 | | 5,00,000 |
| Proposed Dividend | 1,50,000 | Net Profit | 3,10,000 |
| Retained Profit | 1,60,000 | | |
| | 3,10,000 | | 3,10,000 |

**Balance Sheets of Janta Ltd. as on 31.3.2005 and 31.3.2006**

| Liabilities | 2005 Rs. | 2006 Rs. | Assets | 2005 Rs. | 2006 Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 2,00,000 | 3,50,000 | | | |
| Reserves | 60,000 | 2,20,000 | Plant | 4,75,000 | 5,40,000 |
| Loan | 20,000 | 30,000 | | | |
| | | | Patents | — | 50,000 |
| Proposed Dividend | 20,000 | 1,70,000 | Stock | 1,05,000 | 1,20,000 |
| Creditors | 1,80,000 | 10,000 | Debtors | 70,000 | 90,000 |
| Bills Payable | 1,70,000 | 20,000 | | | |
| | 6,50,000 | 8,00,000 | | 6,50,000 | 8,00,000 |

31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए निम्नलिखित का समायोजन करने के पश्चात् राज लि. का लाभ 17,50,000 रु. था :

| | |
|---|---|
| भवन पर मूल्य-ह्रास | 1,30,000 रु. |
| प्लांट तथा मशीनरी पर मूल्य ह्रास | 40,000 रु. |
| अपलिखित की गई ख्याति | 25,000 रु. |
| मशीनरी के विक्रय पर हानि | 9,000 रु. |

31.3.2005 तथा 31.3.2006 को कम्पनी की चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की स्थिति निम्न प्रकार से थी :

| | 31.3.2005 रु. | 31.3.2006 रु. |
|---|---|---|
| स्टॉक | 70,000 | 87,000 |
| प्राप्य बिल | 67,000 | 58,000 |
| रोकड़ | 60,000 | 75,000 |
| लेनदार | 68,000 | 77,000 |
| अदत्त वेतन | 7,000 | 4,000 |
| देय बिल | 43,000 | 29,000 |

संचालन क्रिया-कलापों से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

जनता लि. के 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि खाते तथा 31.3.2005 तथा 31.3.2006 को स्थिति-विवरणों की सहायता से संचालन क्रिया-कलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

**31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जनता लि. का लाभ-हानि खाता**

**डेबिट** **क्रेडिट**

| विवरण | राशि रु. | विवरण | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| | | सकल लाभ | 5,00,000 |
| मूल्य-ह्रास | 17,000 | | |
| वेतन | 35,000 | | |
| किराया | 72,000 | | |
| कमीशन | 23,000 | | |
| अन्य खर्चे | 43,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 3,10,000 | | |
| | 5,00,000 | | 5,00,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 1,50,000 | शुद्ध लाभ | 3,10,000 |
| शेष लाभ | 1,60,000 | | |
| | 3,10,000 | | 3,10,000 |

**31.3.2005 तथा 31.3.2006 को जनता लि. का स्थिति-विवरण**

| देयताएं | 2005 रु. | 2006 रु. | सम्पत्तियां | 2005 रु. | 2006 रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूंजी | 2,00,000 | 3,50,000 | प्लांट | 4,75,000 | 5,40,000 |
| संचय | 60,000 | 2,20,000 | पेटेन्ट्स | — | 50,000 |
| ऋण | 20,000 | 30,000 | स्टॉक | 1,05,000 | 1,20,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 20,000 | 1,70,000 | देनदार | 70,000 | 90,000 |
| लेनदार | 1,80,000 | 10,000 | | | |
| देय बिल | 1,70,000 | 20,000 | | | |
| | 6,50,000 | 8,00,000 | | 6,50,000 | 8,00,000 |

**Part ‘C**

**(Computerised Accounting)**

**भाग ‘ग’**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**22.** What is a Tuple ? 2

ट्यूपिल क्या है ?

**23.** List the need for grouping of accounts. 2

खातों के समूहीकरण के लिए आवश्यकता की सूची बनाइये।

**24.** With the help of a suitable example explain the concept of DDL. 3

एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से डी डी एल अवधारणा को समझाइये।

**25.** What is Data Redundancy ? 3

आंकड़े समधिकता (डाटा रिडनडैन्सी) क्या है ?

**26.** What are the effects of absence of coding ? 3

संहिता (कोडिंग) के अभाव के क्या प्रभाव होते हैं ?

**27.** (a) Design a bank voucher with the following information of M/s Aruna Ltd.:

| Date | V.No. | Code | Account | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| 31/01/07 | 2 | 711001 | Debentures | 5,00,000 |
| 31/01/07 | 2 | 721001 | Premium on Issue | 1,00,000 |
| 31/01/07 | 2 | 110001 | Bank | 6,00,000 |

Prepared by Sundar Authorised by Prashant 3

(b) M/s Aruna Ltd. employs 100 persons whose salary comprises Basic Pay, Dearness Allowance, House Rent Allowance and City Compensatory Allowance. The following are the rules governing the payment.

Write the queries in SQL using the following data in MS Access to compute the allowances.

**House Rent Allowance :** Rs. 3,000 up to a basic pay of Rs. 10,000,
Rs. 7,000 up to basic pay of Rs. 20,000,
Rs. 10,000 for basic pay above Rs. 20,000.

**City Compensatory Allowance :** @ 10% of basic pay subject to a minimum of Rs. 1,250. 3+1 = 4

(अ) मैं. अरुणा लिमि. की निम्नलिखित सूचना के आधार पर बैंक वाउचर तैयार कीजिए :

| दिनांक | वाउचर संख्या | कोड | खाता | राशि रुपए |
|---|---|---|---|---|
| 31.01.07 | 2 | 711001 | ऋणपत्र | 5,00,000 |
| 31.01.07 | 2 | 721001 | निर्गमन पर अधिमूल्य | 1,00,000 |
| 31.01.07 | 2 | 110001 | बैंक | 6,00,000 |

तैयारकर्ता - सुन्दर प्रशान्त द्वारा अधिकृत

(ब) मैं, अरुणा लिमि. 100 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित है। भुगतान के निम्नांकित नियम हैं :

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम एस एक्सैस में उपयोग करते हुए एस क्यू एल में प्रश्न लिखिये।

| | |
|---|---|
| **मकान किराया भत्ता :** | 10,000 रुपए मूल वेतन तक 3,000 रुपए, |
| | 20,000 रुपए मूल वेतन तक 7,000 रुपए, |
| | 20,000 रुपए से अधिक मूल वेतन पर 3,000 रुपए। |
| **शहर क्षतिपूर्ति भत्ता :** | मूल वेतन का 10% की दर से लेकिन कम से कम 1,250 रुपए। |